यहाँ वहां सारे जहाँ में तेरा राज है | By Mukesh Bagda

यहाँ वहां सारे जहाँ में तेरा राज है
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार
तेरे ही तो सर पे इस कलयुग का भार है
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

लीला तेरी तू ही जाने
भेद तेरा कोई ना जाने
एक इशारे नाचे तेरे सब जग्वाले
डोर सारे भक्तों की तेरे ही हाथ है
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

बेसहारो का सहारा
डूबते का तू किनारा
अर्पण कर दिया जीवन मैंने तुमको सारा
निर्धन के धन हैं श्याम दीनो के नाथ हैं
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

तेरा नहीं कोई सानी
तुमसे बड़ा कोई ना दानी
तेरी महिमा हाँ हाँ गाये ऋषि मुनि ग्यानी
सेवक अमन तेरे चरणों का दास है
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार
खाटूवाले श्याम तेरी जय जयकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%b5%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87/